# 15वीं हॉकी पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025


## चर्चा में क्यों?

**15वीं पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025** का आयोजन **4 से 15 अप्रैल** तक **उत्तर प्रदेश के झाँसी** स्थित **मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम** में किया जा रहा है।

## मुख्य बिंदु

- **चैंपियनशिप के बारे में:**
  - हॉकी इंडिया के अनुसार, टूर्नामेंट में वही **डिवीज़न-आधारित प्रारूप** अपनाया गया, जो सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लागू किया गया था।
  - इस प्रतियोगिता में अब **पदोन्नति और निर्वासन की प्रतिस्पर्द्धा** भी शामिल हैं, जिसमें कुल 30 टीमें भाग लिया और इन्हें तीन डिवीज़नों — **डिवीज़न A, डिवीज़न B और डिवीज़न C** में विभाजित किया गया है।
  - **डिवीज़न A** इस प्रतियोगिता का सर्वोच्च स्तर है, जहाँ टीमें **चैंपियनशिप खिताब** के लिये प्रतिस्पर्द्धा करेंगी। **डिवीज़न B** की टीमें अगले सीज़न में डिवीज़न A में **पदोन्नति** पाने के उद्देश्य से खेलेंगी, जबकि **डिवीज़न C** की टीमें आगामी संस्करण में डिवीज़न B में स्थान सुनिश्चित करने के लिये संघर्ष करेंगी।

## मेजर ध्यानचंद




- मेजर ध्यानचंद एक फील्ड हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होंने **वर्ष 1926 से 1949 तक** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेली।
  - वह **तीन बार के [ओलंपिक](#) स्वर्ण पदक विजेता** थे, जिन्होंने **वर्ष 1928, 1932 और 1936** के ओलंपिक संस्करणों में स्वर्ण पदक हासिल किया था।
- खेल में उनके असाधारण कौशल के चलते उन्हें **'हॉकी के जादूगर'** की उपाधि दी गई।
  - ध्यानचंद ने अपने भाई रूप सिंह के साथ मिलकर भारत के 35 गोलों की संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके चलते उन्हें **'हॉकी ट्विन्स'** के नाम से भी जाना गया।
  - **वर्ष 1934** में ध्यानचंद को **भारतीय टीम की कप्तानी से** सम्मानित किया गया।
- मेजर ध्यानचंद वर्ष 1956 में सेना में मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए और उन्हें [पद्म भूषण](#) से सम्मानित किया गया।
- हर साल **29 अगस्त** को **मेजर ध्यानचंद की जयंती** पर उनके योगदान को सम्मान देने और **खेल संस्कृति** को बढ़ावा देने के लिये **राष्ट्रीय खेल दिवस** मनाया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradeshs-first-bio-cng-plant-1